## खबर संक्षेप

### रिक्त पड़े पंच पदों के लिए 10 मई को मतदान

**रादौर।** रादौर खंड के गांव चमरौड़ी, सिली खुर्द, घेसपुर व नगला साधान में रिक्त पड़े चार पंच पदों के चुनाव के लिए 10 मई को मतदान किया जाएगा। उक्त जानकारी पंचायत अधिकारी दीपक श्योराण ने दी। पंचायत अधिकारी दीपक श्योराण ने बताया कि रादौर खंड के विभिन्न गांव में रिक्त पड़े चार पंच पदों के लिए 25 अप्रैल तक संबंधित गांवों के वार्डो में पंच सदस्य बनने के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए जा रहे हैं। अभी तक किसी भी वार्ड में कोई भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुआ है। 27 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी। जिसके उपरांत 28 अप्रैल को दोपहर 3 बजे तक नामांकन पत्र वापिस लिए जा सकेंगे। जिसके उपरांत 10 मई को चुनाव के लिए मतदान होगा।

### राजस्व विभाग के काम में न आए परेशानी

**यमुनानगर।** राजस्व विभाग के अधिकारियों की जिला उपायुक्त कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की। उन्होंने अधिकारियों को जमाबंदी, इंतकाल, रिकवरी व कोर्ट केस से संबंधित मामलों का जल्द निपटारा करने के निर्देश दिए। उपायुक्त प्रीति ने बैठक में सबसे पहले जिला राजस्व अधिकारी से जमाबंदी, इंतकाल, रिकवरी व कोर्ट केस से संबंधित मामलों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लंबित केसों का जल्द से जल्द निपटान करें।

### नाबालिग से दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

**यमुनानगर।** महिला थाना पुलिस टीम ने मानसिक रूप से बीमार 14 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में दो आरोपी व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार महिला थाना प्रबंधक शीलावंती ने बताया कि थाना साढौरा क्षेत्र के एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसकी 14 वर्षीय नाबालिग लड़की मानसिक रूप से बीमार है। 17 अप्रैल को वह किसी काम से घर से बाहर गया था। जब वह दोपहर के समय घर पर आया तो उसने देखा कि अज्ञात व्यक्ति उसकी नाबालिग लड़की से गलत काम करके भाग गया। उसने इस बारे पुलिस में शिकायत दी। इस शिकायत पर पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए एएसआई कमला के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने कार्रवाई करते हुए गांव सुल्तानपुर निवासी श्याम लाल तथा गांव टोडरपुर निवासी राम सिंह को गिरफ्तार किया।

### मामी से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**यमुनानगर।** गांधी नगर थाना प्रबंधक जगबीर सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि वह नहाने के लिए अपने बाथरूम में गई थी। तभी पीछे से उसकी ननद का लड़का राहुल भी आ गया। आरोपी राहुल ने जबरदस्ती उसकी बाजू पकड़ी और उसके साथ गलत काम किया। इस शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए एक टीम का गठन किया गया। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए शास्त्री कॉलोनी रादौर निवासी राहुल को गिरफ्तार कर लिया।

---

डीपीएस में पृथ्वी दिवस के मौके पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

# केवल एक दिन से नहीं बनेगी बात, हर दिन मनाएं अर्थ डे, तभी मिलेगी जीवन की सौगात

- पर्यावरण के प्रति सजग रहने और दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव अपनाने को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


**यमुनानगर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में पौधरोपण करते विद्यार्थी।

दिल्ली पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस बड़े ही उत्साह एवं जागरूकता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में प्रो. वाईस चेयरमैन राम निवास गर्ग मुख्य रूप से मौजूद रहे। मौके पर विद्यालय प्रांगण में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन कर विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण एवं पृथ्वी के प्रति जिम्मेदारी का भाव पैदा करना था।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भाषण, कविता एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से पृथ्वी की सुरक्षाए स्वच्छता और हरित वातावरण के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। गर्ग द्वारा विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति सजग रहने और अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही साथ विद्यालय में एक वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया, जिसमें प्राचार्या, शिक्षकगण तथा विभिन्न विंग्स के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने मिलकर पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रो. वाइस चेयरमैन राम निवास गर्ग कहा कि आने वाली पीढ़ी को हमारे ग्रह को स्वच्छ और हरित बनाए रखने के प्रति जागरूक होना चाहिए। विद्यालय की प्राचार्या पूर्णिमा वाधवा भी कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि हमें केवल एक दिन ही नहीं, बल्कि हर दिन को पृथ्वी दिवस के रूप में मनाना चाहिए। धरती को हराभरा बनाइये, तभी हमें जीवन का सौगात मिलेगा। हमें पर्यावरण संरक्षण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।


**रादौर।** रैली निकालते शहीद भगत सिंह पब्लिक स्कूल के बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### बच्चों ने रैली निकालकर मनाया पृथ्वी दिवस

**रादौर।** शहीद भगत सिंह पब्लिक स्कूल झीवरेहडी में गुरुवार को पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर बच्चों ने गांव में लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से बच्चों ने ग्रामीणों को अधिक से अधिक पौधे लगाकर वातावरण हराभरा रखने का संदेश दिया। इस दौरान आयोजित भाषण प्रतियोगिता में सगनदीप ने प्रथम स्थान, अदिति शर्मा ने द्वितीय व प्रियंशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने पृथ्वी दिवस पर सुंदर पोस्टर बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। विद्यालय परिसर में हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बच्चों व शिक्षको ने पौधारोपण किया।

## पौधरोपण समय की सबसे बड़ी जरूरत : सिंह

- हरिप्रसाद पार्क में पौधरोपण कर लोगों को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


**यमुनानगर।** हरिप्रसाद पार्क में पौधरोपण करते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

नगर निगम यमुनानगर द्वारा शहर के वार्ड नंबर दस में स्थित हरिप्रसाद पार्क में पौधारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में निगम के सफाई निरीक्षक बिट्टू सिंह ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरुक किया।

निगम के सफाई निरीक्षक बिट्टू सिंह ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के दौर में पौधारोपण समय की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने शहरवासियों से अपने घर, मोहल्लों और सार्वजनिक स्थलों पर अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। मौके पर निगम के दुर्गेश कुमार ने कहा कि हर व्यक्ति यदि एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प ले तो शहर को हराभरा और स्वच्छ बनाया जा सकता है। स्वच्छ भारत मिशन शहरी टीम से पंकज कुमार व राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल की प्रिंसिपल अमृतपाल कौर व शिक्षकों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। स्कूल की छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण विषय पर आकर्षक पेंटिंग बनाकर लोगों को जागरूक किया। पेंटिंग के माध्यम से जल, जंगल और जमीन बचाने का संदेश दिया गया।

## बच्चों ने पौधरोपण कर दिया स्वच्छता का संदेश

- होली मदर पब्लिक स्कूल में हुआ पर्यावरण स्वच्छता एवं जल संरक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


**यमुनानगर।** होली मदर पब्लिक स्कूल में पौधरोपण करते हुए बच्चे। फोटो : हरिभूमि

होली मदर पब्लिक स्कूल यमुनानगर में पर्यावरण स्वच्छता एवं जल संरक्षण जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नन्हें मुन्ने बच्चों ने पौधारोपण करके लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका ने पौधारोपण करके किया।

स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका ने बताया कि वातावरण में बढ़ते प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए पर्यावरण को स्वच्छ रखना बेहद जरुरी है। पर्यावरण स्वच्छ रखने के लिए जहां अपने आसपास साफ सफाई रखना और अधिक से अधिक पौधारोपण करना है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अर्थ डे के उपलक्ष में आयोजित किए गए पर्यावरण स्वच्छता एवं जल संरक्षण कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। इनमें पौधारोपण, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन, चित्रकला, टियर एंड पेस्ट गतिविधि तथा भाषण प्रतियोगिता शामिल रही। इस दौरान विद्यार्थियों ने सुंदर और संदेशपूर्ण पोस्टर बनाकर पृथ्वी को हराभरा रखने का संदेश दिया। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ और पृथ्वी हमारी माता है। इस प्रभावशाली स्लोगन प्रस्तुत किए गए। चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने प्रकृति, पेड़ पौधे और स्वच्छ वातावरण के सुंदर चित्र बनाए।

## प्लास्टिक पर्यावरण के लिए घातक, न करें उपयोग

- स्टार वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुआ पर्यावरण संरक्षण एवं जल बचाओ जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



**यमुनानगर।** स्टार वे सीनियर सैकेंडरी स्कूल खुर्दी में नाट्य मंचन करते बच्चे।

स्टार वे सीनियर सैकेंडरी स्कूल खुर्दी(यमुनानगर) में अर्थ डे के उपलक्ष में पर्यावरण संरक्षण एवं जल बचाओ जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के चेयरमैन जोगिंद्र कांबोज व स्कूल की प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने पौधारोपण करके किया। मौके पर विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण व जल बचाओ की शपथ ली।

प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने बताया कि कार्यक्रम के शुभारंभ पर सबसे पहले विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। उन्होंने इस दौरान अधिक से अधिक पेड़ लगाने, प्लास्टिक एवं पॉलिथीन का उपयोग नहीं करने, प्लास्टिक या रबड़ से बनी हुई किसी वस्तु को ना खुद जलाएंगे और ना ही किसी को जलाने देने का संकल्प लिया। इसके बाद विद्यार्थियों ने पेड़ों के महत्व एवं पेड़ों की कटाई के हानिकारक प्रभावों को लेकर एक सुंदर नाटक को प्रस्तुत कर सभी को अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान नाट्य मंचन के दौरान बच्चों ने प्लास्टिक के पृथ्वी एवं जल पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को अभिनय के जरिए समझाया। इसके अलावा विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण से संबंधित कविताएं एवं भाषण प्रस्तुत कर सभी को जागरूक किया। प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों को प्लास्टिक का उपयोग कम करने को प्रेरित किया।

# समन्वय से संपन्न करवाएं एचसीएस की परीक्षा : उपायुक्त

- उपायुक्त प्रीति ने हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित एचसीएस परीक्षा को लेकर सेंटर सुपरिटेंडेंट व इंविजिलेटर को दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में एचसीएस की परीक्षा को लेकर वीसी के माध्यम से सेंटर सुपरिटेंडेंट व इंविजिलेटर को दिशा निर्देश देतीं उपायुक्त। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा 26 अप्रैल को आयोजित होने वाली एचसीएस की प्रारंभिक परीक्षा के तहत उपायुक्त प्रीति ने लघु सचिवालय में वीसी के माध्यम से सेंटर सुपरिटेंडेंट व इंविजिलेटर की बैठक ली। उन्होंने परीक्षा को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उपायुक्त प्रीति ने कहा कि एचसीएस (ईएक्स बीआर) और दूसरी संबंधित सर्विसेज की प्रारंभिक परीक्षा-2025 का आयोजन 26 अप्रैल को सुबह व शाम के सत्र में किया जाएगा। उन्होंने परीक्षा डयूटी में लगे अधिकारियों को बताया कि एचसीएस प्रतिष्ठित परीक्षा है। इसकी गरीमा का ख्याल रखें। आपसी समन्वय से परीक्षा को कुशलतापूर्वक सम्पन्न करवाएं। यह परीक्षा युवाओं का भविष्य तय करेगी। जिन अधिकारियों की ड्यूटी एचसीएस प्रारंभिक परीक्षा से संबंधित कार्यों में लगी है। उनकी जिम्मेदारी बड़ी अहम हो जाती है। इसलिए परीक्षा से संबंधित कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाए। उपायुक्त प्रीति ने कहा कि सरकार की हिदायतों के अनुसार परीक्षा कार्यों को पूर्ण करवाएं। परीक्षा शुरू होने पर कोई व्यक्ति बिना पहचान पत्र के परीक्षा केन्द्र के अन्दर प्रवेश नहीं करेगा। सरकार द्वारा परीक्षा से संबंधित जारी हिदायतों का अच्छी तरह से पढ़ व समझ लें । ताकि परीक्षा के समय किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उपायुक्त प्रीति ने कहा कि एचसीएस प्रारंभिक परीक्षा 2025 को संपन्न करवाना सरकार का बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। इससे युवाओं का भविष्य तय होगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्रों में ड्यूटी देने वाले अधिकारियों को आई कार्ड जारी किया जाएगा और सभी अधिकारी परीक्षा के समय अपने अपने गले में आयोग द्वारा जारी किए गए आई कार्ड अवश्य पहनें।

### परीक्षा केंद्र में मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध

उपायुक्त प्रीति ने कहा कि परीक्षा केन्द्र के अन्दर किसी भी अधिकारी व परीक्षार्थी को मोबाइल ले जाने की इजाजत नहीं दी जाएगी। निर्देश दिए कि परीक्षा में लगे अधिकारी टीम वर्क के रूप में कार्य करते हुए अपने अपने परीक्षा केन्द्र में बिजली,पानी, बायोमैट्रिक मशीन, सीसीटीवी कैमरे आदि के अलावा शौचालयों की साफ सफाई व खिड़की दरवाजे ठीक हालत में होने चाहिए। इसके अलावा सेंटर सुपरिटेंडेंट को किसी प्रकार की कोई दिक्कत आती है तो अपने उच्च अधिकारियों से तुरन्त सम्पर्क करें। मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, एसडीएम व्यासपुर जसपाल सिंह गिल, एसडीएम छछरौली रोहित कुमार, एसडीएम रादौर नरेंद्र कुमार, एसडीएम जगाधरी विश्वनाथ, नगराधीश पीयूष गुप्ता, जिला रोजगार अधिकारी डॉ. अरुण कुमार व एमएसएमई के संयुक्त निदेशक वीपीएस आहलूवालिया आदि मौजूद रहे।



### जेएमआईईटीआई के छात्रों का अल्ट्रा टेक में चयन

**रादौर।** जेएमआईईटीआई कॉलेज के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियों ने प्लेसमेंट ड्राइव में शानदार प्रदर्शन किया है। कालेज के छात्रों का चयन प्रतिष्ठित अल्ट्रा टैक सीमेंट कंपनी द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में विभिन्न पदों पर हुआ है। यह प्लेसमेंट ड्राइव कंपनी के टेक्निकल मैनेजर साहिल शर्मा, चैनल रिलेशनशिप मैनेजर सनी मिश्रा व टेक्निकल इंजिनियर गौरव कुमार द्वारा सम्पन्न करवाई गई। चयनित विद्यार्थियों में ऋषभ कुमार, हिमांशु व मनीष कुमार शामिल हैं। संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन व संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जेएमआईईटीआई विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर उद्योगों से जुड़कर रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करा रहा है।



### बच्चों के लिए नियमित पौष्टिक आहार जरूरी

**यमुनानगर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गांव कैल में खंडस्तरीय राष्ट्रीय पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कुसुम लता ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में पंच बबीता मौजूद रही।

मुख्यातिथि एवं महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी कुसुम लता ने कार्यक्रम की गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया की कुपोषण एक खामोश संकट है। जो स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। हमें अपने जीवनयापन और खानपान में बदलाव लाने की आवश्यकता है । पोषण के लिए किसी भी महंगे उत्पाद की जरूरत नहीं है। घर की दालों, रफल, सब्जियों व नियमित आहार से पोषण की पूर्ति की जा सकती है। उन्होंने बताया कि इस पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य जीवन के पहले छह वर्षों में मस्तिष्क का अधिकतम विकास है। मौके पर महिलाओं को पौष्टिक थाली भेंट की और उन्हें पौष्टिक आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति प्रेरित किया। इस अवसर पर पोस्टर प्रदर्शनी और रेसिपी का स्टॉल आकर्षण का केंद्र बना रहा । मौके पर सुपरवाइजर संतोष कुमारी, हरमीक कौर, बबिता और पोषण कोर्डिनेटर नेहा ने पोषण की शपथ दिलाई।

### एसोसिएशन ने बिजली की समस्या दूर करवाई

**रादौर।** वेलफेयर एसोसिएशन रादौर का 11वां स्थापना दिवस 26 अप्रैल को शहर में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान भगवतदयाल कटारिया करेंगे। जानकारी देते हुए एसोसिएशन के महासचिव मास्टर गुरचरण सिंह ने बताया कि संस्था पिछले 11 वर्षों से समाजसेवा के क्षेत्र में कार्य कर रही है। स्थापना दिवस पर संस्था की ओर से करवाए गए 11 वर्षों के कार्यकाल का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन का गठन 26 अप्रैल 2015 को शहर में किया गया था। इस दौरान एसोसिएशन की ओर से शहर में तीन बार बंदर पकड़ों अभियान चलाया गया। अभियान के तहत कस्बे से 148 बंदरों को पकड़ कर जंगलों में भिजवाया गया। दो वर्षों के दौरान संस्था ने शहर में दस ट्रांसफार्मर रखवा कर स्थानीय लोगों को बिजली की समस्या से निजात दिलाई थी।

**फरमान**

मेयर ने जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने का दिया निर्देश

# अब पार्षद नगर निगम कार्यालय में सुनेंगे समस्याएं

- शहरवासियों की जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए नई पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


**यमुनानगर।** जगाधरी स्थित कार्यालय में पार्षदों के साथ चर्चा करतीं नगर निगम मेयर सुमन बहमनी। फोटो : हरिभूमि

नगर निगम द्वारा शहरवासियों की जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए एक नई पहल की गई है। इस पहल के तहत अब शहरवासियों को अपने वार्ड से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए पार्षदों की तलाश में इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा।

नगर निगम ने वार्ड पार्षदों की नियमित बैठने की व्यवस्था वार्ड वाइज तीनों निगम कार्यालयों में कर दी है, ताकि आमजन अपनी समस्याएं सीधे अपने जनप्रतिनिधियों तक पहुंचा सकें। इस पहल की शुरुआत वीरवार को मेयर सुमन बहमनी ने जगाधरी नगर निगम कार्यालय से की। मेयर सुमन बहमनी ने वार्ड नंबर एक से सात तक के पार्षदों को जगाधरी स्थित नगर निगम कार्यालय में बैठाया।

यहां अब वार्ड एक की पार्षद रीना रस्तोगी, वार्ड दो के पार्षद अरुण कुमार, वार्ड तीन के पार्षद जयंत स्वामी, वार्ड 4 की पार्षद रूचि कांबोज, वार्ड 5 के पार्षद भानू प्रतापए,वार्ड 6 के पार्षद अंकित कुमार व वार्ड 7 से पार्षद प्रियांक शर्मा नियमित रूप से बैठकर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनेंगे और उनके समाधान के लिए संबंधित शाखाओं के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करेंगे। इसी प्रकार वार्ड 16 से 22 तक के पार्षदों के लिए कन्हैया साहिब चौक स्थित नगर निगम कार्यालय में बैठने की व्यवस्था की गई है। वहीं जल्द ही वार्ड 8 से 15 तक के पार्षदों के लिए शहीद भगत सिंह चौक स्थित निगम कार्यालय में भी बैठने की व्यवस्था शुरू की जाएगी। इस व्यवस्था के लागू होने से नागरिकों को अपने वार्ड की समस्याओं जैसे सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, सीवरेज, सड़क और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए एक निश्चित स्थान उपलब्ध होगा। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि नगर निगम जनता के द्वार तक सेवाएं पहुंचाने के लिए लगातार प्रयासरत है। पार्षद जनता और प्रशासन के बीच सेतु की भूमिका निभाते हैंए इसलिए उनका नियमित रूप से निगम कार्यालयों में बैठना जनहित में महत्वपूर्ण कदम है। इससे लोगों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण संभव होगा और विकास कार्यों की निगरानी भी बेहतर तरीके से हो सकेगी। उन्होंने सभी पार्षदों से आह्वान किया कि वे रोजाना निगम कार्यालयों में बैठकर अपने.अपने वार्ड वासियों की समस्याएं सुनें और उनके समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। पार्षदों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए इसे जन सुविधा बढ़ाने की दिशा में सकारात्मक कदम बताया और मेयर सुमन बहमनी का धन्यवाद किया। नगर निगम की इस नई व्यवस्था से वार्ड वासियों को अब अपने प्रतिनिधियों से संपर्क करने में आसानी होगी और समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया भी अधिक प्रभावी व पारदर्शी बन सकेगी।

